




## खबर संक्षेप

### अरिहंत बिहार क्षेत्र में आज गुल रहेगी बिजली

**विदिशा।** अरिंहत बिहार क्षेत्र में आज बिजली के नए पोल लगाए जाएंगे। जिसके कारण सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक 2 घंटे के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार अरिंहत बिहार फेस 1 खरीफाटक रोड, माधवगंज, लुहांगी मोहल्ला, काछीकुआ, काछी मोहल्ला, गल्ला मंडी, बरईपुरा, रीठाफाटक, मोहनगिरी, ढलकपुरा क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### बेतवा नदी किनारे मिला नवजात का शव

**विदिशा।** बेतवा नदी के चरण तीर्थ घाट पर मंगलवार सुबह एक नवजात शिशु का शव मिला। सुबह 10 बजे लोगों ने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस का कहना है कि नवजात का शव कुत्ते खींचकर लाए होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर कुत्ता शव को खींचकर लाता तो शव क्षतिग्रस्त होता। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि किसी ने नवजात को नदी में फेंका हो। पुलिस जांच कर रही है।

### व्यावसायिक सिलेंडर के दाम 41 रु. 50 पैसे कम

**विदिशा।** 19 किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 41 रुपए 50 पैसे कम हो गए हैं। मार्च तक जो सिलेंडर 1843 रुपए में मिल रहा था 1 अप्रैल से वह 1801 रुपए 50 पैसे में मिलेगा। विदिशा गैस एजेंसी के संचालक विवेक ठाकुर ने बताया कि घरेलू सिलेंडर के दाम यथावत रहेंगे।

### धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव आज

**विदिशा।** एकीकृत माध्यमिक शाला बमूरिया में शिक्षकों ने प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य तखत सिंह राय, पंच मलखान सिंह, कलेक्टर दांगी मौजूद रहे। कक्षा एक में प्रवेश करने वाले बच्चों को बैग किट एवं 101 रुपए प्रति नव प्रवेशी छात्रों को दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्कूल में अधिक से अधिक नामांकन हो इसका भरपूर प्रयास करेंगे।

### विधायक ने बच्चों को स्कूल किट वितरण कीं

**ग्यारसपुर।** सीएम राइज विद्यालय में विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने बच्चों को स्कूल किट वितरण कीं। बस स्टैंड से विद्यालय के प्राचार्य एवं स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने रैली निकाली। विधायक के द्वारा मंच से शिक्षा के महत्व के बारे में सभी विद्यार्थियों को बताया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, जनप्रतिनिधि, विकासखंड अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### विधायक ने किया मंच का लोकार्पण

**कुरवाई।** सीएम राइज स्कूल में विधायक हरिसिंह सप्रे ने प्रवेशोत्सव की शुरूआत की। नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया गया। निर्माण के लिए विधायक ने 2 लाख की राशि दी थी। विद्यालय प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

**शाला में पहला कदम अभियानः** बच्चों को टीका लगाकर फूल-माला पहनाकर शाला प्रवेश कराया

# बरईपुरा क्षेत्र में सात एकड़ में 42 करोड़ की लागत से बनेगा सीएम राइज स्कूल भवन

- बच्चों को निशुल्क स्कूल बैग किट, पाठ्य सामग्री और गणवेश दी।
- निजी विद्यालय की तर्ज पर सीएम राइज विद्यालय में सुविधाएं मुहैया कराई जा रहीं


विदिशा। कक्षा में प्रवेश करने वाले नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर कराया स्कूल में प्रवेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्कूल चलें हम अभियान के तहत मंगलवार को सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया।

स्कूलों में पहला कदम रखने वाले बच्चों को विधायकों जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर ने टीका लगाकर, फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बच्चों को स्कूल बैग, किट पाठ्य पुस्तक सामग्री और यूनिफॉर्म दी गई। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की पहल पर जन भागीदारी से इस बार नवीन शैक्षणिक सत्र में बच्चों को स्कूल बैग किट प्रदाय की गई है जिसमें जन सहयोग भी रहा है।

जिले के सभी सरकारी स्कलों में चिन्हित किए गए 1032 बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश लेना है। सीएम राइज विद्यालय बरईपुरा में पहला कदम अभियान प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधायक मुकेश टंडन ने बरईपुरा क्षेत्र में 42 करोड़ की लागत से सात एकड़ क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण के संबंध में जानकारी दी। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने शिक्षा का जीवन में महत्व बताया। उन्होंने कहा कि कहा कि सभी बच्चों को पढ़ना जरूरी है। बच्चे भविष्य में बेहतर इंसान बनते हैं उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वह बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। कार्यक्रम को नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेता संदीप डोंगरसिंह भी मौजूद रहे।

### सीएम राइज में दी जा रहीं सुविधाएं निजी विद्यालयों से कम नहीं : कलेक्टर

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि राज्य शासन की मंशा अनुरूप सीएम राइज विद्यालय की कल्पना इसी तर्ज पर की गई है ताकि बच्चों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देकर अच्छी शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि सीएम राइज विद्यालय में दी जा रही सुविधाएं निजी विद्यालयों से कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री जी ने स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ किया है और आज देश के सुरक्षित भविष्य की नींव रखी गई है। उन्होंने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो रहा है जब बच्चे शाला में अपना पहला कदम रख रहे हैं। उन्होंने कक्षा 5वीं के परिणाम में 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने पर भी हर्ष व्यक्त किया।

# देरी से पहुंची एंबुलेंस, घर में हो गई डिलीवरी, जच्चा- बच्चा को ले जाते समय रास्ते में पड़ी बंद


विदिशा। बंद पड़ी एंबुलेंस को धक्का लगाकर चालू करने का प्रयास करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

हैदरगढ़ कस्बा के अंतर्गत एलछा गांव में गर्भवती महिला लियाकत बी को लेने समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी और महिला की घर पर ही डिलीवरी हो गई।

एक घंटे बाद एंबुलेंस पहुंची और जच्चा- बच्चों को अस्पताल लेकर जाते समय रास्ते में बंद हो गई। इसके बाद दोनों को बाइक से हैदरगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया।

करोड़ों रुपए खर्च करके सरकार इन एम्बुलेंस को दौड़ा रही है, ओर यह दावे भी करती है कि अब कोई मरीज वाहन के अभाव में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा लेकिन लचर सिस्टम सरकार की इन मंशाओं पर पानी फेर रहा है ।

# चाकू मारकर नदी में फेंका,18 दिन बाद भी आरोपी पुलिस पहुंच से दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वार्ड नंबर 2 नौलखी निवासी रामबाई अहिरवार ने बेटे पर हुए हमले की एसपी से शिकायत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

14 मार्च की रात 12 बजे उनके 17 वर्षीय बेटे रितिक अहिरवार पर मोहल्ले के करण अहिरवार पुत्र सतीश अहिरवार और एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकुओं से कई वार किए। रितिक को बेहोशी की हालत में मुक्तिधाम के पास नदी किनारे फेंक दिया। परिवारों ने उसे तलाश लिया और अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया। वहां 15 दिन तक इलाज चला। होश में आने के बाद रितिक ने बताया कि करण अहिरवार ने हमला किया था। घटना की एफआईआर सिटी कोतवाली विदिशा में दर्ज कराई गई, लेकिन 18 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### सामूहिक विवाह योजना सम्मेलन 30 को होगा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को होगा। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया की तिथि 30 अप्रैल को जिले की सभी जनपद पंचायत, नगरीय निकाय में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आयोजित करने के लिए जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश निकायों एवं जनपदों के अधिकारियों को जारी किए गए हैं। आवेदन पत्र सामाजिक न्याय विभाग के पोर्टल पर वर-वधु की ईकेवायसी कराकर पंजीयन की कार्यवाही की जाए। इस संबंध में आवश्यकता के अनुसार पृथक से बैठकें निकाय व जनपदों में आयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में आवेदन जमा हो के संबंध में विशेष पहल करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शमशाबाद विधानसभा के सभी 5 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**कार्यकारिणी में 20 पदाधिकारी घोषित किए गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधानसभा शमशाबाद क्षेत्र के सभी पांचों भाजपा मंडलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है।

शमशाबाद मंडल अध्यक्ष प्रहलाद धाकड़ की कार्यकारिणी में 20 पदाधिकारी घोषित किए गए हैं। इनमें दिनेश चौरसिया और हरिसिंह अहिरवार को मंडल महामंत्री बनाया गया है। खामखेड़ा मंडल में रामसिंह राजपूत अध्यक्ष की कार्यकारिणी में खेजड़ा सुल्तान के बलवीर सिंह मीणा और बदनपुर की विनीता मलखान सिंह को महामंत्री बनाया गया है। नटेरन मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह रघुवंशी के साथ महामंत्री के पद पर संजय चौकसे नटेरन और महू सरपंच प्रीतम ठकरेले को नियुक्त किया गया है। सतपाड़ा हाट मंडल में प्रहलाद कुशवाह वर्धा के साथ गोकुलपुर सरपंच राजेश मीणा और आमखेड़ा सूखा के समंदर सिंह कलावत को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। देवखजूरी मंडल में अध्यक्ष अतुल यादव के साथ मनोज चतुर्वेदी और रामगोपाल जाटव को महामंत्री बनाया है। उपाध्यक्ष पद पर भवानी सिंह रघुवंशी, गोविंद सिंह दांगी, रामचरण किरार, रामलाल शर्मा, सुरेंद्र बघेल, महेश किरार बनाए गए हैं।

## आवास प्लस सर्वे कार्य अब 30 अप्रैल तक

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस की स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों के नाम जोड़े जाने के लिए सर्वे कार्य की अवधि बढ़ाई गई है। अब 30 अप्रैल तक सर्वे कार्य पूर्ण कराया जा सकेगा। जिपं सीईओ पंकज जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री मण्डल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिए मंजूरी प्रदान की गई। आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया जा रहा है।




# बालाजी ईको सिटी में रास्ते के विवाद को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे रहवासी, रास्ता देने से इंकार

**अरोरा बंधुओं के खेत में बनी है कॉलोनी और अब उन्हे ही रास्ता देने का विरोध**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



बालाजी ईको सिटी कवर्ड कैंपस कॉलोनी के रहवासियों ने पीछे वाली जमीन मालिक को रास्ता देने का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि तहसीलदार कार्यालय से जमीन मालिक देवराज अरोरा को रास्ता देने का आदेश 20 मार्च को पारित किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि डायरेक्टर मयंक जैन ने सर्वे नंबर 622/1/1, रकबा 2.247 हेक्टेयर भूमि पर कॉलोनी बनाई। लेकिन कॉलोनाइजर ने देवराज अरोरा से जमीन लेकर ही यह कॉलोनी बनाई है। पीछे अरोरा परिवार की जमीन है और उसी के लिए वह रास्ता मांग रहे हैं। इसी आधार पर तहसीलदार ने उन्हें कॉलोनी के अंदर से रास्ता देने का आदेश दे दिया। इधर कॉलोनी के रहवासी रास्ता नहीं देने की मांग कर रहे हैं और पहले भी इस तरह का विरोध कर चुके हैं।

### दौरा निरस्तः प्रभारी मंत्री का अब चार को आएंगे

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल का 2 अप्रैल को विदिशा दौरा था जो किन्ही कारणों से निरस्त कर दिया गया है। अब प्रभारी मंत्री का दौरा 4 अप्रैल को रहेगा।

# जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी के प्रयासों से गुलरखेड़ी में पानी की समस्या का समाधान हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम गुलरखेड़ी (गुलाबगंज) में प्रतिवर्ष होने वाली भीषण जल की समस्या के समाधान के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी दिन रात प्रयास किए।

अब उनकी मेहनत एवं अधिकारियों और जल निगम के सहयोग से पानी की समस्या का समाधान होता दिख रहा है। सोमवार को बर्री घाट से गुलरखेड़ी की संपवेल पर पानी पहुंचा और संपवेल पूर्णतः भरी गई। मंगलवार को श्री रघुवंशी द्वारा संपवेल एवं स्टैंड पोस्टों का निरीक्षण किया गया। बाजार वाले संपवेल की सफाई के निर्देश दिए गए।


विदिशा। ग्राम गुलरखेड़ी में संपवेल व स्टैंड पोस्ट का निरीक्षण करते हुए।

### पहले टेंकरों से पानी की पूर्ति करना पड़ती थी

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने बताया कि गुलाबगंज तहसील की ग्राम पंचायत गुलरखेड़ी में पानी की कमी होने पर टैंकरों से पानी की पूर्ति करना पड़ती है। जहां सभी के सहयोग एवं प्रयास से पानी की समस्या का स्थाई समाधान होता दिख रहा है। उन्होंने बताया कि इस पाइप लाइन के द्वारा ग्राम गुलाबगंज में दो स्थानों पर तथा गुलरखेड़ी में 5-6 जगह स्टैंड पोस्ट के द्वारा जल सप्लाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## मसूदपुर में गणगौर का चल समारोह आज



**गंजबासौदा।** जगदीप सिंह राजपूत मसूदपुर द्वारा एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मसूदपुर जागीरदार परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2 अप्रैल बुधवार को गणगौर भगवान की सवारी निकाली जाएगी। गणगौर गौरा पार्वती का स्वरूप हैं प्रतिवर्ष विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। यहां पर गणगौर भगवान की पूजा की जाती है, पूजा करने के बाद यहां पर विशाल चल समारोह निकाला जाता है। उक्त चल समारोह में क्षेत्र के लोगों से विशेष अनुरोध है कि इस विशाल गणगौर चल समारोह में सम्मिलित होकर धार्मिक लाभ प्राप्त करें।

## नौलखी मंदिर में सप्त दिवसीय पाट उत्सव शुरू



**गंजबासौदा।** स्थानीय नौलखी मंदिर वेत्रवती तट पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु एवं भगवान सीताराम जी की प्रतिष्ठा दिवस के प्रथम वर्ष में सप्त दिवसीय पाट उत्सव प्रारंभ हो गया। जिसमें प्रातः काल वेत्रवती तट से कलश यात्रा निकालकर देवताओं का पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ एवं सीताराम के अभिषेक के साथ ही पुष्पों से सहस्त्र अर्चन प्रारंभ हुआ जिसमें पांच यजवानों ने भगवान का पूजन संपन्न किया। शाम 4 बजे से भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भागवत के महत्व की चर्चा करते हुए पंडित केशव गुरु ने बताया कि अनेक जन्मों के पुण्य पुंज एकत्रित होने पर भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मानव को प्राप्त होता है। इस सेवा का फल या सत्संग लाभ हम सबको प्राप्त हुआ भागवत भगवान का ही वाग्मय में स्वरूप है। भगवान नारायण चतुर्भुज स्वरूप से 12 अंग वाले हैं इसी प्रकार भागवत 12 स्कंद में अर्थात शाखा में विभाजित है इसलिए भागवत और भगवान में कोई भेद नहीं है। केशव गुरु ने अनेक दृष्टांतों के द्वारा भगवान की शरणागति की प्रधानता प्रतिपादित की। इस अवसर पर मंदिर के महंत राम मनोहर दास महाराज ने भागवत महत्व के गूढ़ अर्थों से श्रोताओं को परिचित कराया। मंदिर की ओर से बताया गया 7 अप्रैल तक नित्य प्रति सुबह 9 से 10:30 तक भगवान का पुष्प अर्चन एवं अभिषेक संपन्न होगा एवं सायं 4 बजे से 7 बजे तक भागवत कथा होगी, भागवत कथा के पश्चात भगवान की विशेष आरती एवं वेत्रवती मैया की आरती संपन्न होगी। इस पाट उत्सव में समस्त नगरवासियों से सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# विधायक, नपाध्यक्ष ने जनता की मांग पर कराया डामर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा जनता की समस्याओं को किस तरह से गंभीरता के साथ लिया जाता है। इसका जीता जागता उदाहरण गत दिवस देखने को मिला है। कुछ दिन पूर्व विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव से नागरिकों ने लोहा मिल रोड से मां कर्मा देवी चौराहे तक गए सीसी के ऊपर डामरीकरण कराए जाने की मांग की थी। इसके अलावा नगर के वार्ड क्रमांक 12 कक्का वाली गली में भी डामरीकरण का मुद्दा जनता द्वारा उठाया गया था। दोनों ही मांगों को गंभीरता से लेते हुए जन प्रतिनिधियों ने तुरंत मौके पर मौजूद इंजीनियर एवं नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा को जल्द से जल्द डामरीकरण कराए जाने के निर्देश दिए थे। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि दोनों ही जगह पर गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण नपा के अधिकारी कर्मचारियों की देखरेख में कराया गया। अब दोनों ही जगह पर आवागमन सुगम और सरल बन गया है। इसी तरह रेलवे स्टेशन से बेहलोट की पुलिया सहित इसके



दोनों ओर ठेकेदार द्वारा काम छोड़ दिया गया था। इसके बाद यह मामला भी सामने आया था और पुलिया के दोनों ओर के अलावा बीच में डामरीकरण करवाकर मजबूती प्रदान कर दी गई है।

**इनका कहना है...**

*जो भी समस्याएं सामने आती हैं उनका जल्द से जल्द निराकरण कराया जाता है। डामरीकरण कार्य से वाहन चालकों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।*

*शशि अनिल यादव*
*नपाध्यक्ष गंजबासौदा*

## सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के खंड विस्तार अधिकारी त्योंदा एवं गंजबासौदा क्षेत्र में सेवारत काशीराम साहू को अपने सेवा के 38 वर्ष पूर्ण करते हुए उन्हें सेवानिवृत होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय के बीएमओ डॉ प्रमेंद्र तिवारी द्वारा उनका फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया।

## प्रेस क्लब गंजबासौदा ने शासकीय कन्या मंडी शाला को लिया गोद

# नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 1 में प्रवेश हेतु पहला कदम अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर के शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नगर के शासकीय कन्या मंडी स्कूल वार्ड क्रमांक 11 में किट वितरण कराने की जिम्मेदारी प्रेस क्लब गंजबासौदा द्वारा ली गई। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, कैलाश सक्सैना, डॉ.डीपी शर्मा, सौदान सिंह यादव, यशपाल यादव, सत्यनारायण शर्मा, देवेन्द्र रघुवंशी, ओमप्रकाश चौरसिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष नीतेश नायक, उपाध्यक्ष राजा छारी, सचिव नरेश मीणा, मयंक टांक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया और निःशुल्क स्कूल किट का वितरण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार डॉ. डीपी शर्मा ने कहा कि कलेक्टर द्वारा जिन उद्देश्यों को लेकर यह अभियान चलाया है, वह सराहनीय है। इस तरह के नवाचार करने से शासकीय स्कूलों में शिक्षा के स्तर को ही प्रोत्साहन मिलेगा और बच्चों की बौद्धिक क्षमता का भी विकास होगा। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम विजय राय ने भी सहभागीता की। अपने उद्बोधन के दौरान एसडीएम विजय राय ने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपनी आधार शिला रख सकता है। विषम परिस्थितियों में की गई पढ़ाई ही व्यक्ति को मजबूत बनाती है। शासकीय स्कूलों में भी शिक्षा का स्तर उच्च है, यहां के बच्चों को अपनी योग्यता का आंकलन खुद करना चाहिए। यहां का स्टाफ भी उतना ही शिक्षित और प्रशिक्षित होता है, जो शासन की गाइड लाइन पर पूर्ण रूप से खरा हो। इस दौरान अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे। वहीं अन्य कार्यक्रमों में क्षेत्रीय प्रतिनिधि सहित पालकों को विद्यालयों में बुलाकर नवीन प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हे बैग किट प्रदान की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

उधर इस विद्यालय के अलावा विकासखंड के लगभग 312 स्कूलों में यह आयोजन किया गया है। राजेन्द्र नगर स्थित सीएम राइज स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, एसडीएम विजय राय एवं बीआरसी बृजेन्द्र रघुवंशी की मौजूदगी में शाला में पहला कदम अभियान और प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, आज विदिशा कलेक्टर द्वारा कक्षा 1 में नवीन प्रवेशी छात्र-छात्राओं को जो किट वितरण जनभागीदारी से कराई हैं, वह अभूतपूर्व है और यह दर्शाता है कि जिले के कप्तान शिक्षा को लेकर कितने सजग हैं। पूरे विकासखंड में आज यह आयोजन किया गया है। उन्होने स्कूल परिसर में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को नवीन शिक्षण सत्र में अच्छी तरीके से शिक्षा प्राप्त कर नगर का नाम



रौशन करने का बात कही है। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने कहा कि शिक्षा से आज हम अपने विकास को आगे बढ़ा सकते हैं, इसलिए सरकार का भी फोकस सरकारी स्कूलों में उच्च शिक्षा देने पर है। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि नवीन प्रवेशी छात्र-छात्राओं को शिक्षा की ओर अग्रसर करना इस कार्यक्रम का ही एक उद्देश्य है। साथ ही शासकीय स्कूल की शिक्षा के साथ पढ़ा हुआ बालक आज नए मुकाम पर पहुंचा है। वहीं शासकीय एकीकृत शाला डाबर में प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें सरपंच नरेन्द्र छारी सहित विद्यालयीन स्टाफ मौजूद था। जिन्होंने नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत कर किट भेंट की।

## त्योंदा कन्या शाला में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

मंगलवार को त्योंदा की शासकीय प्राथमिक कन्या शाला में नवीन शिक्षण सत्र में शाला में पहला कदम उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें शिक्षकगण एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। जिसमें पांच बच्चों को बेग एवं पुस्तकों का वितरण किया गया एवं फूल मालाओं, रोली तिलक से स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक राम श्रीवास्तव, संतोष कुर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती जोशी, नेहा राय, मोनिका शर्मा, रेखा एवं हेड मास्टर वेद प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

## विहिप के गोरक्षा विभाग ने किया अखिलेश यादव का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को दोपहर एक बजे विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा आयाम ने सपा अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव के गौशाला के प्रति दिये गये बयान के विरोध स्वरूप जय स्तंभ चौक पर नारेबाजी कर अखिलेश यादव का पुतला दहन किया। तत्पश्चात राष्ट्रपति के नाम एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि अखिलेश यादव ने कहा कि जिन लोगों को दुर्गंध पसंद है, वे गौशाला बनाते हैं। यह टिप्पणी गौ माता का घोर अपमान है और हिंदू धर्म, सनातन संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं का अनादर करने के समान है। सनातन धर्म में गाय केवल एक पशु नहीं, अपितु मातृ स्वरूपा एवं पूजनीय है। गौशालाएं हमारी श्रद्धा, सेवा एवं भक्ति का प्रतीक हैं, जो हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रही हैं। ऐसे में, किसी भी व्यक्ति, विशेष रूप से एक जनप्रतिनिधि, द्वारा इस प्रकार की असंवेदनशील, तुच्छ एवं धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी न केवल अक्षम्य है, बल्कि देश की धार्मिक एवं सामाजिक एकता के लिए भी घातक है। इस प्रकार से गौ माता का अपमान करने वाली गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी से न केवल हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुँची है, बल्कि इससे अवैध गोकशी और गौमांस व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। एक जनप्रतिनिधि द्वारा इस तरह के बयान उन असामाजिक तत्वों को बल एवं संरक्षण प्रदान करेंगे, जो गौहत्या में संलिप्त हैं और गौमांस के अवैध व्यापार को बढ़ावा देते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि अखिलेश यादव द्वारा दिए गए अपमानजनक बयान का संज्ञान लेकर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए एवं संसद सदस्यता को तत्काल निरस्त किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति, विशेष रूप से जनप्रतिनिधि, गौ माता, हिंदू धर्म, या किसी भी धार्मिक आस्था का अपमान न कर सके। गौहत्या और अवैध गौमांस व्यापार के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएं।

## निशुल्क लाठी व कराते प्रशिक्षण का शुभारंभ



**गंजबासौदा।** युवा शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में द फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट्स अकादमी के सहयोग से नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए 10 दिवसीय निशुल्क करने एवं लाठी एवं कराटे का प्रशिक्षण का मंगलवार को मानस भवन परिसर में शुभारंभ हुआ। फाउंडेशन अध्यक्ष लोकेश सक्सेना के द्वारा बताया गया कि इस शिविर में महिलाएं और बच्चियों के लिए सेल्फ डिफेंस के गुर प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक सिखाए जाऐंगे। जिससे महिलाए और बच्चियां समय आने पर अपनी आत्मरक्षा कर सकें, जिसमें अकादमी के संचालक कृष्ण गोपाल जोगी का विशेष योगदान है। अकादमी के प्रशिक्षित कोच सुमित सैनी एवं सुहानी सैनी के द्वारा लाठी और जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फाउंडेशन की प्रमुख सदस्य प्रियंका अंशुमन माथुर ने सभी से अपील की है कि वह अपनी घर की महिलाओं और बच्चियों को अधिक से अधिक संख्या में आत्मरक्षा के लिए लगाए शिविर में पहुंचाएं जिससे वह अपनी आत्मरक्षा के गुर सीख सकें।

## वृद्धों को उपलब्ध कराए कंबल, चादर व गद्दे

**गंजबासौदा।** चैत्र नवरात्र एवं गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर इनरव्हील क्लब द्वारा वृद्धाश्रम में एक सेवा प्रकल्प सम्पन्न किया गया। क्लब सचिव ने बताया कि क्लब सदस्यों द्वारा वृद्धाश्रम में समय समय पर आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति की जाती रही है। क्लब के सदस्यों ने वृद्धों के पास पहुंचकर उनकी जरूरत पूछी एवं उन्हें ओढ़ने के लिए चादर, कंबल, बिछाने के लिए गद्दे उपलब्ध कराए, नवरात्र में फल एवं फलाहार हेतु कुछ नक़द राशि भी प्रदान की गई। इस प्रकल्प में क्लब सदस्यों के अतिरिक्त समाजसेवी क्षत्राणी प्रमुख रंजीता सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया। क्लब अध्यक्ष मिनाली ओसवाल ने बताया कि यदि अधिक मात्रा में नागरिक इन वृद्धों से जुड़ेंगे एवं इन्हें सहयोग प्रदान करेंगे तो इन बुजुर्गों की न केवल आवश्यकताओं की पूर्ति होगी अपितु इन्हें परिवार जैसा माहौल भी मिलेगा। जिससे यह वृद्ध भी उनका बुढ़ापा प्रसन्नता से काट सकेंगे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मिनाली ओसवाल, अनिता प्रणय जैन, मंजू ओसवाल, सविता एलिया, अनिता माहेश्वरी, विजय अरोरा, पंडित कृष्ण गोपाल शास्त्री सहित सभी वृद्ध एवं वार्डन उपस्थित रहे।

## नागेश्वर पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा

# भगवान धरती पर अवतार लेते हैं:पं.एलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रजोदा न्यायालय परिसर रोड स्थित नागेश्वर पशुपति नाथ मंदिर प्रांगण में हो रही भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथावाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा कि भगवान धरती पर अवतार लेते हैं। श्रीराम जन्म का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम भगवान विष्णु के अवतार हैं, उन्होंने धरती पर मानव रूप में जन्म लिया। भगवान राम में वैदिक सनातन धर्म की आत्मा कहे जाने वाले सभी गुण विद्यमान है। इसी कारण भगवान श्रीराम को पुरूषों में सबसे उत्तम पुरूष अर्थात मर्यादा पुरूषोत्तम भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि संसार की भलाई के लिए भगवान ने कई अवतार लिए। भगवान राम ने मानव रूप में कई महान कार्य किए। भगवान राम ने चित्रकूट में रहकर धर्म और कर्म की शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है, जीवन के लिए पढ़ाई जरूरी है। मनुष्य को अपनी मर्यादा में रह कर ही कार्य करने चाहिए। कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। इसके साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाईयां गाई गई। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की भजन पर सभी भक्त झूम उठे। पंडित एलिया ने बताया कि कथा में भगवान श्रीराम सीता की मनोहारी झांकी संजाई गई और कृष्ण जन्मोत्सव को उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। वहीं व्यास गादी और श्रीमद्भागवत कथा की पूजा अर्चना करके आरती की गई। कथा में उपस्थित अतिथि भाजपा नेता राजेश तिवारी, संदीप तिवारी, लखन शर्मा, मुकेश शर्मा, मनीष सोनी, सरीना राजेश राय माथुर सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शासकीय शाला चौरावर में मना प्रवेशोत्सव

गंजबासौदा। शासकीय माध्यमिक शाला चोरावर में प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री रघुवंशी जिला पंचायत सदस्य, सरपंच पन्नालाल लोधी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश अहिरवार, पंचायत सचिव सुनील एवं बच्चों के पालक मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी की ओर से कक्षा एक की प्रवेशी बच्चों को स्पोर्ट्स ड्रेस प्रदान की गई। स्वयंसेवी संगठन के माध्यम से कक्षा 1 के बच्चों को स्कूल बैग किट प्रदान की गई। सरपंच की तरफ से कक्षा एक के प्रवेशित बच्चों को थाली वितरण किया गया। सुनील सर द्वारा बच्चों को पानी की बोटल का वितरण किया गया। विद्यालय की ओर से वर्ष का सर्वोत्तम बालक एवं बालिका का पुरस्कार वितरण किया गया एवं साथ ही पिछले सत्र में सर्वाधिक उपस्थिति वाले बालक एवं बालिका को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक चंद्रभान सिंह दांगी ने अपनी बिटिया का भी चौरावर शाला मे कक्षा 1 में प्रवेश कराया।

## कई बार लगा जाम

गंजबासौदा। पचमा बायपास मार्ग एवं बरेठ रोड पर मंगलवार को सुबह से लेकर शाम तक दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिससे सड़क के दोनों ओर दो पहिया, चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पचमा बायपास मार्ग एवं बरेठ रोड पर यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है। जिसके चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। नागरिकों, दुकानदारों, रहवासियों ने प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# अनेक शासकीय शालाओं में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार तथा वरिष्ठ कार्यालय से नोडल अधिकारी केएस ठाकुर डीएमओ विदिशा और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार,प्रभारी प्राचार्य अनिल दुबे, नोडल केएस ठाकुर एवं जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजन अर्चन किया। प्रभारी प्राचार्य अनिल दुबे, भारती पंथी, प्रीति सक्सेना ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य ने प्रवेश उत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को शासन की सभी योजनाओं का लाभ लेने और स्कूल जरूर जाने के साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई करना और अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। सभी अतिथियों ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर पुस्तक प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। जबकि सभी अतिथियों का आभार कंचन शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। वहीं शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय अंबानगर में प्रवेश उत्सव अभियान के अंतर्गत पहली कक्षा के बच्चों को तिलक लगाकर, हार फूल मालाऐं पहनाकर ढोल धमाके के साथ मिठाई, बेग, कॉफी, पानी की बोतल वितरित की गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में राजन सिंह दांगी, मंडल महामंत्री मनोज चिड़ार, स्कूल प्रभारी राजपूत सहित स्टाफ एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद यूनुस खान का आकस्मिक निधन

**सिरोंज।** सिरोंज पत्रकार महासंघ के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर के बडे भाई शिक्षक मोहम्मद यूनुस खान का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। तो वही उनके निधन पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान,तोषमणी पंथी,सलमान खान,जफर उल्लाह,शैलेन्द्र रघुवंशी,अब्दुल अलीम,रजी खान,जुनेद अहमद,कासिम खान,रघुवीर प्रजापति,तबरेज आलम,शकील खान,नरेन्द्र बडसेना,सुनील नगीना,बब्लू यादव,बब्लू विश्वकर्मा,शैलेन्द्र रजक,सोनू मालवीय आदि ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जल गंगा संवर्धन के लिए जागरुकता रैली निकाली

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना अंतर्गत चयनित संस्था अंजनी जनकल्याण संस्थान समिति बीना द्वारा सार्वजनिक स्थल प्रताप वार्ड बीना में कटरा मंदिर के समीप जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें नवांकुर संस्था के अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा एवं सदस्य, बच्चे, कुशवाहा समाज के उपाध्यक्ष बलराम कुशवाहा, कटरा मंदिर के संरक्षक पंडित देवलिया एवं बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लिए जागरुकता रैली में सम्मिलित हुई।

### सीएम राइज विद्यालय में एसडीएम हर्षल चौधरी ने बच्चों से केक कटवाकर किया प्रवेशोत्सव का शुभांरभ

# बच्चों के पहले शिक्षक अभिभावक होते हैं उन्हीं से मिलते हैं उनको अच्छे संस्कार: तोषमणी पंथी







### माध्यमिक शाला देहरी में धूमधाम एवं भव्यता से मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शासकीय सीएम राइज विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम हर्षल चौधरी,नपा अध्यक्ष,बीईओ उमेश सोनी,बीआरसी ओम प्रकाश रघुवंशी,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता एंव पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी आदि कि मौजूदगी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया गया। तो वही एसडीएम हर्षल चौधरी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने बच्चों का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। साथ ही नन्हें-मुन्हे बच्चों से केक कटवाकर प्रवेश उत्सव का शुभांरभ किया। तो वही बच्चों को किट व पुस्तको का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि सीएम राइज स्कूलों को खोलने का उद्देश्य है कि एक ही परिसर में सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा एव पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिले। उन्होंने स्कूल के शिक्षको से कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से सभी कक्षाए संचालित हो एवं सभी शिक्षक ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए अच्छे से अच्छा शिक्षण कार्य छात्र छात्राओं के मध्य कराएं। उन्होंने स्कूल परिसर में नियमित रूप से साफ सफाई,पेयजल एवं छात्र छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर व्यवस्था के निर्देश भी दिए।

शासकीय सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणी पंथी ने कहा कि भाजपा की सरकार निरंन्तर प्रयास कर रही है की कोई भी बच्चा अशिक्षित ना रहे इसके लिए सरकार कई अभियान चला रही है। मध्यान भोजन,ड्रेस,साईकिल स्कूटी जैसी सुविधाएं भाजपा सरकार दे रही। कांग्रेस के जमाने ना स्कूल थे ना सकड थी ना सुविधाएं आयो हम सब मिलकर एक नये भारत का निर्माण करें। वही उन्होने कहा कि बच्चों को स्कूल के प्रति लगाव और पढ़ाई के प्रति जागरूकता आवश्यक है और बच्चों के लिए उनके पहले शिक्षक उनके अभिभावक होते हैं। उन्हीं से उन्हें अच्छे संस्कार मिलते हैं। उन्होने कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। लेकिन देखा जाता है कि गांव में अभिभावकों के द्वारा बच्चों के ऊपर उतना ध्यान नहीं दिया जाता, जितना दिया जाना चाहिए। शासन के द्वारा बच्चों को सभी प्रकार कि सुविधाएं दी जा रही है। अगर इसके बाद भी कोई बच्चा पढ़ नहीं पाता, तो ये हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है। उन्होने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि गांव हो या शहर कोई भी बेटी या बेटा निराक्षर न रहे। उन्हें स्कूल भेजें और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें। जिससे शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार हो सके और देश का भविष्य उज्ज्वल हो। वही श्री पंथी ने ग्राम सेमलखेडी पहुंचकर बच्चों स्कूल बैग एवं किताबें वितरण की। इस अबसर स्कूल के प्राचार्य सीपी साहू सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### बच्चों को किट और पुस्तकों का वितरण

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देहरी में प्रवेश उत्सव और एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द रघुवंशी शामिल हुए। तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच फरीन बी मजीद एंव उपसरपंच जनाब अकबर खां द्वारा की गई। इस मौके पर शाला परिवार ने प्रवेश उत्सव को बहुत ही भव्यता से मनाया। साथ ही नव प्रवेशी बच्चों को किट प्रदान की गई। तो वही मुख्य अतिथि सुरेन्द्र रघुवंशी और शाला प्रभारी के के माली द्वारा प्रत्येक ग्रामीण जन को समझाया गया कि अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें अच्छे से बच्चों को पढ़ायें अगर किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आती है। उसके लिए वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र रघुवंशी ने अपनी जिम्मेदारी ली। इसी के साथ ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि ने भी पालकों को अवगत कराया कि अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें। कार्यक्रम उपरांत शाला प्रभारी चंद्र मोहन माली द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और साल में उपस्थित बच्चों को खीर पुरी तथा लड्डू का भोजन कराया गया।। साथ ही बच्चों को पुस्तके वितरण की गई।

### एफएलएम मेला का आयोजन

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला रकाबगंज में एक कदम स्कूल की ओर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मेला प्रभारी शिक्षिका श्रीमती मीना जैन द्वारा एफएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति मीना जैन द्वारा अनेक शिक्षाप्रद गतिविधियां करवाई। जिसमें शाला प्रभारी इमरान खान एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। तो वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा बच्चो को शैक्षणिक किट वितरित की गई।

### टीका लगाकर बच्चों का किया स्वागत

शाला में पहला कदम अभियान अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सिकंदरपूरा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष समीर कुरैशी द्वारा नव प्रवेशित कक्षा 1 के विद्यार्थियों का टीका लगाकर और स्कूल किट स्कूल बैग किताबे राशन प्रदाय कर स्वागत किया।





# टोल नाकों पर कर्मचारियों की चल रही है 'गुंडागर्दी'

## टैक्स काटने के बावजूद ओवरलोड होने के नाम पर कर्मचारियों ने मांगे 500 रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर हरसिली और खिरिया टोल नाके पर वाहन चालकों के साथ आए दिन होने वाली बदसलूकी की और गुंडागर्दी की घटनाएं होना आम बात हो गई है। टोल कर्मचारियों के द्वारा टोल टैक्स काटने के बाद, अंडर लोड होने के बावजूद वाहन चालकों से गुंडागर्दी की जा रही है।

ऐसी ही घटना 31 मार्च को राष्ट्रीय राजमार्ग 45 उदयपुरा के पास खिरिया टोल नाके पर देखी गई। जब नगर के वाहन मालिक महेश राय अपनी टाटा मैजिक से बरेली सब्जी मंडी से लगभग 12-50 क्विंटल सब्जी का लोड लेकर जा रहे थे। इस दौरान टोल नाके से उनके खाते से पैसे भी कट गए। लेकिन आगे कांटे के पास कर्मचारियों ने चलती गाड़ी के सामने बैरिकेड फंसा दिया। और वाहन मालिक से 500 की मांग की गई। पैसा नहीं देने की स्थिति में कर्मचारियों ने गाड़ी की चाबी निकाल ली। वाहन मालिकों के साथ टोल कर्मचारियों के द्वारा की जाने वाली इस तरह की घटना का यह कोई पहला मामला नहीं है। जबकि इससे पूर्व में कई ऐसे मामले में सामने आ चुके हैं। जब कर्मचारियों के द्वारा वाहन चालकों के साथ मारपीट ना की गई हो।

### नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं टोल नाके

